विभिन्न परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन पत्र

चमन लाल महाविद्यालय, लंढौरा, मंगलौर रोड, हरिद्वार (स्वायत्त)

संबद्ध

श्री देव सुमन उत्तराखंड यूनिवर्सिटी, बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल, उत्तराखंड

पुनर्मूल्यांकन आवेदन की प्रक्रिया

आवेदन अवधिः- चुनौती मूल्यांकन के लिये परीक्षार्थी परीक्षाफल घोषित होने के 30 दिन के अन्दर आवेदन कर सकते हैं।
चुनौती मूल्यांकन हेतु शुल्कः- चुनौती मूल्यांकन हेतु परीक्षार्थी को आवेदन शुल्क ₹ 3000/- तीन हजार प्रति प्रश्नपत्र जमा करना होगा

चुनौती मूल्यांकन की प्रक्रियाः-

1. परीक्षा नियंत्रक को अधिकार होगा कि उत्तर पुस्तिकाओं का पुर्नमूल्यांकन करवाने हेतु प्राचार्य के अनुमोदन के क्रम में परीक्षक नियुक्त कर सकते हैं अथवा पुर्नमूल्यांकन हेतु यथोचित निर्णय ले सकते हैं।

2. महाविद्यालय द्वारा दो परीक्षकों से उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन करवाया जायेगा एवं दोनों परीक्षकों द्वारा प्रदत्त प्राप्तांकों का औसत निकाला जायेगा।

3. यदि औसत और मूल प्राप्ताकों में 10 प्रतिशत (ए) की वृद्धि होती है तो मूल अंक यथावत रहेंगे किन्तु यदि 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होती है तो दोनों मूल्यांकनकर्ताओं के औसत अंक लिये जायेगे एवं उन्हें मूल अंकतालिका में समाहित किया जायेगा 10 प्रतिशत से अधिक अंकों की वृद्धि होने पर परीक्षार्थी द्वारा जमा किये गये शुल्क ₹ 3000/- में ₹ 1000/- की धनराशि काटकर शेष ₹ 2000/- परीक्षार्थी को वापस कर दिये जायेंगे एवं वृद्धि न होने पर सम्पूर्ण धनराशि महाविद्यालय के पास जमा रहेगी तथा लौटायी नही जायेगी।

परीक्षा नियंत्रक

प्राचार्य

Scanned with OKEN Scanner